# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

पत्रांक 4106 / कार्य - 65 / 27 दिनांक– 30.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 30.07.2026 में प्रकाशित " सड़क खुदाई से टूटा जल जीवन मिशन का पाइप : भावापुर समेत आसपास के गांवों में जल आपूर्ति बाधित" होने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 30.07.2026 में प्रकाशित " सड़क खुदाई से टूटा जल जीवन मिशन का पाइप : भावापुर समेत आसपास के गांवों में जल आपूर्ति बाधित" होने के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड – अभोली, स्थित दानूपुर पूरब पट्टी पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 13.74 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 715 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल एवं वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। 715 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 350 नग गृह जल संयोजन एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। सड़क चौडीकरण होने के कारण पूर्व में बिछायी गयी पाइप लाइन को लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है, सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाये जाने की अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त पाइप लाइन बिछवाते हुये ग्राम वासियों को पेयजल उपलब्ध करा दिया जायेगा। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है, तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

Digitally signed by
RAJBALI
Date: 30-07-2026
15:01:53

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजज भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**